अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 7 फरवरी 2023
फाल्गुन कृष्ण द्वितीया
विक्रम संवत 2079

PAGE NO. 05, BOTTOM

एमबीबीएस के नए बैच के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। विज्ञप्ति

एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने मनाई फ्रेशर पार्टी

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सोमवार को एमबीबीएस बैच 2022 के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित हुई।

'ए नाइट इन पेरिस' थीम पर आयोजित पार्टी में विद्यार्थियों ने 'एफिल टावर' के नीचे रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने विद्यार्थियों को मन लगाकर हर काम करने का संदेश दिया। साथ ही, अपने फोन को स्मार्ट बनाने के बजाय खुद को स्मार्ट बनाने पर जोर दिया। कहा कि जब आप खुद को स्मार्ट बनाएंगे, तब आपका महत्व बढ़ेगा। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल डॉ. एनके अरोड़ा, एयर मार्शल डॉ. महेंद्र सिंह बडोला, डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार आदि मौजूद रहे। ब्यूरो